ओ३म्

# गुरुकुल कांगड़ी ( समविश्वविद्यालय ) हरिद्वार

(यू.जी.सी. एक्ट 1956 के सेक्शन 3 के अन्तर्गत समविश्वविद्यालय)

# Gurukula Kangri (Deemed to be University) Haridwar

(Deemed to be University u/s 3 of UGC Act 1956)

## शिक्षा पटल की कार्यवाही

स्थान : सीनेट हॉल सभागार　　दिनांक : 30 जून, 2025　　समय : अपराह्न 02.30

समविश्वविद्यालय में भारत सरकार/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (समविश्वविद्यालय संस्थान) के अनुरूप गठित शिक्षा पटल की बैठक माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में आहुत की गयी जिसमें निम्न महानुभाव उपस्थित रहे :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो० हेमलता के० | मान्य कुलपति जी |
| 2. | डॉ० अमित भरू | शिक्षाविद्/विशेषज्ञ सदस्य, ऑनलाईन |
| 3. | प्रो० श्रवण कुमार शर्मा | शिक्षाविद्/विशेषज्ञ सदस्य |
| 4. | प्रो० सत्यप्रकाश शर्मा | शिक्षाविद्/विशेषज्ञ सदस्य |
| 5. | प्रो० देवेन्द्र कुमार गुप्ता | संकायाध्यक्ष, प्राच्य विद्या संकाय, विभागाध्यक्ष, प्रा०भा०इ०,सं० एवं पुरातत्व, वेद, दर्शन विभाग एवं ज्योतिर्विज्ञान एवं वैदिक कर्मकाण्ड विभाग |
| 6. | प्रो0 एल०पी० पुरोहित | परीक्षा नियंत्रक, विशेष आमंत्रित |
| 7. | प्रो० हेमलता के० | संकायाध्यक्ष, मानविकी संकाय एवं विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग |
| 8. | प्रो० निपुर सिंह | संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय |
| 9. | प्रो० नमिता जोशी | संकायाध्यक्ष, जीव विज्ञान संकाय एवं विभागाध्यक्ष, जन्तु एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग |
| 10. | प्रो० सुरेखा राणा | संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष, प्रबन्ध अध्ययन संकाय प्रबन्ध अध्ययन विभाग |
| 11. | प्रो० विपुल शर्मा | संकायाध्यक्ष, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय, विभागाध्यक्ष, इलैक्ट्रानिक्स एवं कम्यूनिकेशन, इलैक्ट्रीकल तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग |
| 12. | प्रो० ब्रह्मदेव | संकायाध्यक्ष योग एवं शारीरिक शिक्षा संकाय, शिक्षा एवं प्रशिक्षण संकाय, तथा विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग |
| 13. | प्रो० हेमन पाठक | कोऑडिनेटर, कन्या गुरुकुल परिसर, देहरादून |
| 14. | प्रो० विवेक कुमार | विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग |
| 15. | डॉ० अरूण कुमार | विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग |
| 16. | प्रो० मृदुल जोशी | विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग |
| 17. | प्रो० सीमा शर्मा | विभागाध्यक्ष, गणित एवं सांख्यिकी विभाग |
| 18. | डॉ० एल०पी० पुरोहित | विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग |
| 19. | डॉ० ऋषि कुमार शुक्ला | विभागाध्यक्ष, भेषज विज्ञान विभाग |
| 20. | प्रो० अंजली गोयल | विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान विभाग |
| 21. | प्रो० मुकेश कुमार | विभागाध्यक्ष, वनस्पति एवं सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग |
| 22. | डॉ० अजय मलिक | प्रभारी, शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग |
| 23. | प्रो० सत्यदेव निगमालंकार | प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, श्रद्धानन्द वैदिक शोध संस्थान |
| 24. | प्रो० मयंक अग्रवाल | विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग |
| 25. | डॉ० सुनील पंवार | विभागाध्यक्ष, अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग |
| 26. | डॉ० ऊधम सिंह | प्रभारी, योग विज्ञान विभाग |
| 27. | प्रो० विनोद कुमार सिंह | प्रोफेसर, प्रबन्ध अध्ययन |
| 28. | प्रो० पंकज मदान | प्रोफेसर, प्रबन्ध अध्ययन |
| 29. | प्रो० मुदिता अग्निहोत्री | प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग |
| 30. | प्रो० प्रवीणा चतुर्वेदी | प्रोफेसर, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग, ऑनलाईन |
| 31. | प्रो० राकेश कुमार | प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग |
| 32. | प्रो० रामप्रकाश वर्णी | प्रोफेसर, श्रद्धानन्द वैदिक शोध संस्थान |

| | | |
|---|---|---|
| 33. | प्रो० नवनीत | प्रोफेसर, वनस्पति एवं सूक्ष्म जीव विज्ञान |
| 34. | प्रो० कर्मजीत भाटिया | प्रोफेसर, कम्प्यूटर विज्ञान |
| 35. | प्रो० प्रभात कुमार | प्रोफेसर, प्रा०भा०इ०,सस्कृति एवं पुरातत्व |
| 36. | प्रो० रेणु शुक्ला | प्रोफेसर, प्रा०भा०इ०,सस्कृति एवं पुरातत्व |
| 37. | डॉ० राज कुमार | एसोसिएट प्रोफेसर, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग |
| 38. | डॉ० मनोज कुमार | एसोसिएट प्रोफेसर, गणित एवं सांख्यिकी विभाग |
| 39. | डॉ० आभा शुक्ला | एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग |
| 40. | डॉ० निधि हाण्डा | एसोसिएट प्रोफेसर, गणित एवं सांख्यिकी विभाग |
| 41. | डॉ० संगीता मदान | एसोसिएट प्रोफेसर, पर्यावरण विज्ञान विभाग |
| 42. | डॉ० बबीता शर्मा | असिस्टेंट प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग |
| 43. | डॉ० सुनीता रानी | असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग |
| 44. | डॉ० रीतू अरोड़ा | असिस्टेंट प्रोफेसर, गणित एवं सांख्यिकी विभाग |
| 45. | डॉ० ऋचा सैनी | असिस्टेंट प्रोफेसर, भौतिकी विज्ञान विभाग |
| 46. | डॉ० हिमांशु गुप्ता | असिस्टेंट प्रोफेसर, भौतिकी विज्ञान विभाग |
| 47. | प्रो० सुनील कुमार | कुलसचिव / संयोजक |

ईश वंदना के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

कुलसचिव द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। श्रद्धेय मान्य कुलपति जी की अनुमति से कुलसचिव द्वारा परीक्षा नियंत्रक को प्रस्ताव सदन के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु आमंत्रित किया गया। परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्ताव सदन के समक्ष प्रस्तुत किये गए। प्रस्तावों पर लिए गए निर्णयों का विवरण निम्नवत है :

| | |
|---|---|
| प्रस्ताव संख्या–01 | **डॉ० महावीर अग्रवाल, डॉ० बुधप्रकाश शुक्ला, श्री वासुदेव मिश्रा, श्री कामेश्वर त्यागी, श्री चमन लाल एवं श्री बलवन्त सिंह जी के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि।** |
| | सदन द्वारा दो मिनट मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। |
| प्रस्ताव संख्या–02 | **नए सदस्यों का स्वागत।** |
| | **प्रो० ब्रह्मदेव,** संकायाध्यक्ष, योग एवं शारीरिक शिक्षा संकाय<br>**प्रो० निपुर सिंह,** संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय<br>**प्रो० देवेन्द्र कुमार गुप्ता,** संकायाध्यक्ष प्राच्य विद्या संकाय एवं विभागाध्यक्ष, प्रा०भा०इं०, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग<br>**प्रो० एल०पी० पुरोहित,** विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग<br>**डॉ० आर०के० शुक्ला,** विभागाध्यक्ष, भेषज विज्ञान विभाग<br>**प्रो० नवनीत,** प्रोफेसर, वनस्पति एवं सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग<br>**प्रो० कर्मजीत भाटिया,** प्रोफेसर, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग<br>**प्रो० प्रभात कुमार,** प्रोफेसर, प्रा०भा०इति०, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग<br>**प्रो० रेणु शुक्ला,** प्रोफेसर, प्रा०भा०इति०, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग<br>सदन में नए सदस्यों का स्वागत किया गया। |
| प्रस्ताव संख्या–03 | **शिक्षा पटल की गत बैठक दिनांक 23.11.2024 की कार्यवाही का अनुमोदन।** |
| | शिक्षा पटल की गत बैठक दिनांक 23.11.2024 की कार्यवाही अनुमोदित की गयी। |
| प्रस्ताव संख्या–04 | **शिक्षा पटल की गत बैठक दिनांक 23.11.2024 में पारित प्रस्तावों (प्रस्ताव 05, 09, 11, 12, 14 (i & ii), 15, 16 व पूरक प्रस्ताव 02, 03) पर क्रियान्वयन।** |
| | **पूरक प्रस्ताव संख्या 02** *कन्या गुरुकुल परिसर देहरादून में अभियांत्रिकी एवं प्रोद्यौगिकी बीटैक (कम्प्यूटर विज्ञान विभाग) से 30 सीट हस्तांतरित कर कन्या गुरुकुल परिसर देहरादून में बीटैक गुरुकुल कन्या परिसर देहरादून में 30 सीट से संचालित किया जाए।*<br>उक्त संदर्भ में प्रो० कर्मजीत भाटिया ने कहा कि बी०टैक पाठ्यक्रम पूर्व में देहरादून परिसर में संचालित किए जाने हेतु शिक्षा पटल की बैठक में स्वीकृत किया गया था लेकिन महिला अभ्यर्थी को प्रवेश हरिद्वार परिसर में दिया जा रहा है, यदि ऐसा है तो इसे ठीक कर लिया जाए। उक्त संदर्भ में प्रो० विपुल शर्मा ने कहा कि बी०टैक (कम्प्यूटर विज्ञान) पाठ्यक्रम में 17 महिला अभ्यर्थियों का प्रवेश हरिद्वार परिसर में हो चुका है तथा 08 आवेदन और प्राप्त हुए है। |

| | |
|---|---|
| | बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस संदर्भ में अंतिम निर्णय कुलपति महोदया द्वारा लिया जाए। |
| **प्रस्ताव संख्या–05** | **शिक्षा पटल की गत बैठक दिनांक 23.11.2024 में पारित प्रस्ताव संख्या 13 एवं आई०क्यू०ए०सी० द्वारा प्रो० पंकज मदान जी की अध्यक्षता में विभिन्न गठित समितियों की रिपोर्ट पर विचार।** |
| | उक्त संदर्भ में प्रो० पंकज मदान ने सदन को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा निम्न समिति गठित कि गयी है :<br>(1) सीटों के पुनः निर्धारण करने हेतु।<br>(2) स्कील डवलपमेंट कोर्स चलाए जाने हेतु व<br>(3) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्चतर शिक्षा संस्थानों में अकादमिक सत्यनिष्ठा एवं साहित्यिक चोरी की रोकथाम को प्रोत्साहन) विनिमय 2018 में उल्लेखित दिशा–निर्देशों के अनुसार कार्य करने हेतु।<br>**बिन्दु संख्या 01** के संदर्भ में प्रो० पंकज मदान ने सीटों के पुनः निर्धारण के बारे सदन को अवगत कराया कि समिति का सम्बन्धित पाठ्यक्रम में सीटों के निर्धारण के लिए सामान्य नियम बनाने का है। वास्तविक सीटें प्रशासन द्वारा निर्धारित की जाती है तथा सीटों का मुख्य निर्धारण विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा ही किया जायेगा।<br>**बिन्दु संख्या 02** के संदर्भ में प्रो० पंकज मदान ने कहा कि उक्त के संदर्भ में कुलसचिव कार्यालय द्वारा सभी विभागों को सूचना प्रसारित की जानी है तथा स्कील डवलपमेंट के प्रस्ताव संकायाध्यक्ष के माध्यम से आमंत्रित किए जायेंगे।<br>**बिन्दु संख्या 03** के संदर्भ में प्रो० पंकज मदान ने सदन को साहित्यिक चोरी के संदर्भ में अवगत कराया कि वह उक्त संदर्भ में डॉ० अनिल धीमान, पुस्तकालाध्यक्ष से मिले। उन्होंने बताया ए०आई०/नॉन ए०आई० प्लेगरिज्म 10 प्रतिशत से अधिक जाता है जबकि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार 10 प्रतिशत तक ही स्वीकार किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ए०आई० प्लेगरिज्म 10 प्रतिशत से अधिक है तो उसे स्वीकार न किया जाए। |
| **प्रस्ताव संख्या–06** | **समविश्वविद्यालय में नवम्बर 2024 से मई 2025 तक घोषित परीक्षा परिणामों का अनुमोदन।** |
| | समविश्वविद्यालय में नवम्बर 2024 से मई 2025 तक घोषित परीक्षा परिणामों की सम्पुष्टि की गयी। |
| **प्रस्ताव संख्या–07** | **शोध उपाधि अधिसूचना (नवम्बर 2024 से मई 2025 तक) का अनुमोदन।** |
| | शोध उपाधि अधिसूचना (नवम्बर 2024 से मई 2025 तक) की सम्पुष्टि की गयी। |
| **प्रस्ताव संख्या–08** | **सत्र 2025–26 की अवकाश सूची का अनुमोदन।** |
| | प्रो० कर्मजीत भाटिया ने कहा कि प्रतिबंधित अवकाश के स्थान पर हिन्दी तिथि अंकित की जाए। उक्त संदर्भ में डॉ० राजकुमार भाटिया द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि यू०जी०सी० के नियमानुसार अवकाश सूची प्रतिवर्ष 01 जून से 15 जुलाई तक की जाए।<br>सदन में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्राध्यापकों हेतु अवकाश 01 जून से 15 जुलाई तक का अवकाश आगामी सत्र से लागू किया जाए। |
| **प्रस्ताव संख्या–09** | **समस्त संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं कोऑर्डिनेटर की बैठक दिनांक 24.01.2025, 18.02.2025 एवं 12.04.2025 की कार्यवाहियों का अनुमोदन।** |
| | समस्त संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं कोऑडिनेटर की बैठक दिनांक 24.01.2025, 18.02.2025 एवं 12.04.2025 की कार्यवाही सम्पुष्ट हुई। |
| **प्रस्ताव संख्या–10** | **परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 27.02.2025 एवं 17.04.2025 की कार्यवाही का अनुमोदन** |
| | परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 27.02.2025 एवं 17.04.2025 की कार्यवाही सम्पुष्ट हुई। |
| **प्रस्ताव संख्या–11** | **डी०लिट०/डी०एस–सी० की कार्यवाही का अनुमोदन।** |

| क्र०सं० | विभाग |
|---|---|
| 1. | हिन्दी (03.02.2025) |
| 2. | वनस्पति एवं सूक्ष्म जीव विज्ञान (08.03.2025) |

डी०लिट०/डी०एस–सी० की कार्यवाही सम्पुष्ट हुई।

| | |
|---|---|
| प्रस्ताव संख्या–12 | **आर०डी०सी० की बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन।** |

| क्र०सं० | विभाग |
|---|---|
| 1. | अनुप्रयुक्त विज्ञान (भौतिकी) (26.05.2025) |
| 2. | रसायन विज्ञान (08.05.2025) |
| 3. | हिन्दी (24.05.2025) |
| 4. | शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग (30.05.2025) |
| 5. | संस्कृत (27.05.2025) |
| 6. | मनोविज्ञान (28.05.2025) |
| 7. | कम्प्यूटर विज्ञान (30.05.2025) |
| 8. | भौतिकी (29.05.2025) |
| 9. | प्रा०भा०इ०सं०एवं पुरातत्व (02.06.2025) |
| 10. | भेषज विज्ञान (29.05.2025) |
| 11. | अंग्रेजी (30.05.2025) |
| 12. | वेद (31.05.2025) |
| 13. | योग विज्ञान (17.05.2025) |

आर०डी०सी० की बैठक की कार्यवाही सम्पुष्ट हुई।

| | |
|---|---|
| प्रस्ताव संख्या–13 | **बोर्ड ऑफ स्टडीज बैठक (BOS) की कार्यवाही का अनुमोदन।** |

| क्र०सं० | विभाग |
|---|---|
| 1. | Botany and Microbiology (B.Sc.) (24.05.2025) |
| 2. | Management Studies (BBA) (10.02.2025) |
| 3. | Hindi (BA) (08.04.2025) |
| 4. | Chemistry (B.Sc. (02.05.2025) |
| 5. | English (03.05.2025) |
| 6. | B.Tech (CSE) M.Tech. (19.05.2025) |
| 7. | Music (Ph.D.) (24.05.2025) |
| 8. | Mathematics (B.Sc.) (29.05.2025) |
| 9. | Psychology (BA) (23.05.2025) |
| 10. | Music (B.A., Ph.D.) (24.05.2025) |
| 11. | Physics (B.Sc.) (29.05.2025) |
| 12. | Computer Science (B.Sc.) (29.05.2025) |
| 13. | B.Tech ME (25.06.2025) |
| 14. | Philosophy (BA & MA) (14.06.2025) |
| 15. | Political Science (BA) (21.06.2025) |
| 16. | Yogic Science (BA, MA/M.Sc., Diploma & Certificate) (27.06.2025) |

बोर्ड ऑफ स्टडीज बैठक (BOS) की कार्यवाही सम्पुष्ट हुई।

| | |
|---|---|
| प्रस्ताव संख्या–14 | **कन्या गुरुकुल परिसर में एम०टैक (कम्प्यूटर विज्ञान) प्रारम्भ किए जाने पर विचार।** |
| | बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त पाठ्यक्रम आई०क्यू०ए०सी० के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए। |
| प्रस्ताव संख्या–15 | **सत्र 2025–26 हेतु बी०टैक पाठ्यक्रम में निर्धारित शुल्क का अनुमोदन।** |
| | सत्र 2025–26 हेतु बी०टैक पाठ्यक्रम में निर्धारित शुल्क सर्वसम्मति से सम्पुष्ट किया गया। |
| प्रस्ताव संख्या–16 | **मूल्यांकन विभाग द्वारा प्रस्तुत निम्न बिन्दुओं पर विचार :** |
| | 1. विश्वविद्यालय में अध्ययनरत परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम के समय अधिकांश परीक्षार्थियों के परिणाम को आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में अवरूद्ध (Detained) किया जाता है। परीक्षार्थियों का अपार आईडी/एबीसी आईडी न होना भी इनमें से एक कारण है। अपार आईडी (APAAR ID/ एबीसी आईडी (ABC ID) न होने के कारण मूल्यांकन विभाग DigiLocker NAD (डिजीलॉकर एन०ए०डी०) पर समय से समस्त रिकार्ड को अपलोड नहीं कर पाता है। अतः यह प्रस्ताव है कि परीक्षार्थी के प्रवेश के समय अथवा माइग्रेशन जमा करने पर उसका अपार आईडी (APARR ID) भी लिया जाना सुनिश्चित करें। अपार आईडी जमा न करने पर |

| | |
|---|---|
| | उसका पंजीयन न किया जाए।<br>2. पुनर्मल्यांकन हेतु परीक्षा नियमावली बिन्दु 37.0 "पुनर्मल्यांकन केवल बाह्य परीक्षकों द्वारा ही कराया जायेगा।" के संदर्भ में प्रस्ताव है कि उपरोक्त बिन्दु 37.0 में संशोधन कर इसमें बाह्य परीक्षक के साथ 'आंतरिक परीक्षक' को भी जोड़ा जाये।<br>3. पुनःपरीक्षा/अंक सुधार परीक्षा जो उत्तीर्ण परीक्षार्थियों हेतु वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है, इसमें उपरोक्त नियम 37.D की बाध्यता से छूट प्रदान की जाये।<br>4. संकाय/विभाग द्वारा सत्रीय परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थियों को सत्रीय अंक प्रेषित करते समय प्रायः A दर्शाया जाता है। विदित है कि सत्रीय अंक में उस परीक्षार्थी की उपस्थिति के अंक भी होते हैं। अतः प्रस्ताव है कि अनुपस्थिति की दशा में उस परीक्षार्थी के उपस्थिति के अंक प्रेषित किये जाने आवश्यक हैं।<br>5. डी०फार्मा पाठ्यक्रम में पी०सी०आई० के दिशा निर्देशों के आलोक में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रो० एल०पी० पुरोहित की अध्यक्षता में गठित समिति के सुझाव की सम्पुष्टि।<br>6. अंकपत्र बनाते समय यह संज्ञान में आता है कि परीक्षार्थी पासपोर्ट फोटो की जगह फुलसाइज फोटो अथवा अन्य फोटो अपलोड करता है। अतः केवल पासपोर्ट फोटो ही लगाया जाना अनिवार्य होगा तथा परीक्षार्थी के पंजीयन के समय इसकी जांच सुनिश्चित किया जायेगा।<br>7. विदित है कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 से NEP 2.0 प्रारम्भ हो चुका है। NEP 2.0 के अन्तर्गत संचालित समस्त पाठयक्रमों से संबंधित परीक्षा गजट में छात्र/छात्रा से संबंधित संपूर्ण विवरण नेट एवं डिजीलॉकर एन०ए०डी० (DigiLocker NAD) पर भी अपलोड किया जायेगा परन्तु अंकपत्र में सैद्धांतिक अंक, सत्रीय अंक, सैद्धान्तिक एवं सत्रीय अंक का योग तथा सम्पूर्ण प्राप्तांक प्रिंट नहीं किया जायेगा।<br>8. NEP 1.0 एवं NEP 2.0 के अन्तर्गत संचालित समस्त पाठ्यक्रमों में छात्र/छात्राओं को 03 वर्ष की अवधि के उपरांत पुनः परीक्षा/अंक सुधार परीक्षा (गोल्डन परीक्षा) में अवसर दिया जाना प्रस्तावित है। |
| | • उक्त संदर्भ में बिन्दु संख्या 04 के संदर्भ में निर्णय लिया गया कि परीक्षार्थियों को सत्रीय अंक उपस्थिति के लिए निर्धारित अंक दिए जाए।<br>• अन्य बिन्दु सर्वसम्मति से सम्पुष्ट किए गए। |
| **प्रस्ताव संख्या–17** | **विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग से प्राप्त पत्र पर विचार :**<br>संलग्न सूचना के अनुसार यूजीसी द्वारा यूजीसी केयर लिस्टेड जर्नल बंद कर दिए गए हैं। पीएचडी छात्रों के साथ–साथ संकाय सदस्यों के लिए शोध पत्रों के प्रकाशन के लिए नए सुझाव दें। यूजीसी विनियमन संलग्न है। |
| | बैठक में उक्त संदर्भ में निर्णय लिया गया यह सूचना सभी विभागाध्यक्षों को प्रेषित की जाए। विभागीय स्तर पर समिति बनाकर शोधपत्रों को निर्धारण किया जाए। |
| **प्रस्ताव संख्या–18** | **समविश्वविद्यालय में अध्ययनरत शोध छात्रों के रेगुलर से पार्ट टाइम पी–एच०डी० की समयावधि (दैनिक उपस्थिति न्यूनतम 01 वर्ष) किए जाने पर विचार**<br>(Course Work + RDC + One Yr. Complete + NOC) |
| | दिनांक 23 नवम्बर 2024 के पूरक प्रस्ताव संख्या 03 के अनुसार समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार सत्र 2025–26 में पी–एच०डी० में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों पर रेगुलर से पार्ट टाइम पी–एच०डी० की समयावधि (दैनिक उपस्थिति न्यूनतम 01 वर्ष) किए जाने का निर्णय लिया गया था जिसकी बाध्यता निम्नवत् रहेगी :<br>1. अभ्यर्थी ने पी–एच०डी० कोर्स वर्क पूर्ण कर लिया हो।<br>2. अभ्यर्थी का शोध विषय आर०डी०सी० में स्वीकृत हो गया हो।<br>3. अभ्यर्थी ने जिस संस्थान में Join किया है उस संस्था से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) ले लिया हो।<br>4. अभ्यर्थी को स्थानान्तरण शुल्क के रूप में रुपये 3000/– जमा करना होगा।<br>***बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह बाध्यता सभी शोधरत अभ्यर्थियों पर लागू होगी।*** |
| **प्रस्ताव संख्या–19** | **हिन्दी विभाग में शोधरत श्री विकास कुमार (अंशकालिक) का शोध प्रबन्ध निर्धारित समयावधि (न्यूनतम 03 वर्ष) से पहले जमा कराए जाने पर विचार।** |
| | उक्त संदर्भ में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार न्यूनतम 03 वर्ष में शोध प्रबन्ध जमा किया जाए। |

| | |
|---|---|
| प्रस्ताव संख्या–20 | **समविश्वविद्यालय में अध्ययनरत पुरूष अभ्यर्थियों की शोध समयावधि अधिकतम 06 वर्ष के उपरान्त शुल्क निर्धारित कर समयावधि विस्तार पर विचार।** |
| | बैठक में उक्त संदर्भ में निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार पुरूष अभ्यर्थियों की शोध समयावधि अधिकतम 06 वर्ष निर्धारित है। उसके उपरान्त शोध समयावधि विस्तार नहीं किया जा सकता। |
| प्रस्ताव संख्या–21 | **परीक्षा विभाग से प्राप्त पत्र के अनुमोदन पर समविश्वविद्यालय में अध्ययनरत अभ्यर्थी को पुनः दया अवसर दिए जाने पर विचार।** |
| | बैठक में उक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से सम्पुष्ट किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया रिपिट, गोल्डन रिपिट, इम्प्रुवमेंट, पुनः परीक्षा इत्यादि परीक्षाएं जुलाई/अगस्त माह में एक साथ कराई जाए। |
| प्रस्ताव संख्या–22 | **कन्या गुरुकुल हरिद्वार में बी०एस–सी० (कम्प्यूटर विज्ञान) एवं एम०सी०ए० प्रारम्भ किए जाने पर विचार** |
| | बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त पाठ्यक्रम आई०क्यू०ए०सी० के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए। |
| प्रस्ताव संख्या–23 | **पी–एच०डी० शोध प्रबन्ध के माध्यम में संस्कृत–अनिवार्यता की बाध्यता को समाप्त करने पर विचार।** |
| | बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पी–एच०डी० शोध प्रबन्ध के माध्यम में संस्कृत–अनिवार्यता की बाध्यता को समाप्त की जाए। |
| प्रस्ताव संख्या–24 | **राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत कक्षा 6 से 12 तक पाली को एक विषय के रूप में लागू करने पर विचार।** |
| | बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त प्रस्ताव विश्वविद्यालय से संबंधित नहीं है। अतः यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से निरस्त किया गया। |
| प्रस्ताव संख्या–25 | **समविश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को दानदाता द्वारा स्वर्णपदक की धनराशि निर्धारित किए जाने पर विचार।** |
| | बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समविश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को दानदाता द्वारा स्वर्णपदक की धनराशि दिए जाने हेतु रुपये 25,000.00 (पच्चीस हजार) निर्धारित की गयी। |

कुलसचिव

# अध्यक्ष की अ़नुमति से अन्य प्रस्ताव

| | |
|---|---|
| **पूरक प्र०सं०—1** | **शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग में कार्यरत दुष्यन्त राणा, कोच ने एम०पी०एड० करने हेतु आवेदन किया है। दुष्यन्त राणा को एम०पी०एड० करने की स्वीकृति पर विचार।** |
| | बैठक में उक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से सम्पुष्ट किया गया। |
| **पूरक प्र०सं०—2** | **दिनांक 12.07.2024 के प्रस्ताव संख्या के अनुसार पूर्व में गठित समिति की रिपोर्ट के आधार श्रद्धानन्द वैदिक शोध संस्थान की कार्यवाही अवलोकनार्थ।** |
| | बैठक में उक्त संदर्भ में निर्णय लिया गया कि गठित समिति की संस्तुति के आधार पर श्रद्धानन्द वैदिक शोध संस्थान को शैक्षिक कर दिया जाए तथा इसमें स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित किये जाए। |
| **पूरक प्र०सं०—3** | **समविश्वविद्यालय में स्वयं/मूक पाठ्यक्रम में नीति बनाए जाने पर विचार।** |
| | बैठक में उक्त संदर्भ में सर्वसम्मति से परीक्षा नियंत्रक अध्यक्ष प्रो० एल०पी० पुरोहित तथा डॉ० राजकुमार कॉओडिनेटर मूक एवं सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष के साथ बैठक कर अपनी संस्तुति कुलपति महोदय को प्रस्तुत करेंगे। तदनुसार कार्यवाही की जाए। |
| **पूरक प्र०सं०—4** | **आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की 15वीं व 16वीं बैठक के प्रस्ताव तथा मूल्य वर्धित पाठ्यक्रमों (Value-added Courses) का अनुमोदन** |
| | बैठक में उक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से सम्पुष्ट किया गया। |

कुलसचिव